Regarding railway related issues of Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid

श्री नारायणदास अहिरवार **(जालौन) :** मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद जालौन के मुख्यालय उरई से दिल्ली जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है । जिसके कारण यात्रियों को दिल्ली आने-जाने में परेशानी होती है । मेरी मॉग है कि श्रमशक्ति एक्सप्रेस (12451/12452) जो नई दिल्ली से रात्रि 11.55 पर चलकर सुबह 6.15 पर कानपुर पहुंचती है और रात्रि 11.55 पर कानपुर से पुनः रवाना होती है । लगभग 18 घंटे कानपुर में खड़ी रहती है । इस ट्रेन को जिला जालौन के मुख्यालय उरई तक बढ़ाया जाए । छपरा एक्सप्रेस (11123/11124) वर्तमान में यह गाड़ी ग्वालियर से बरौनी तक चलती है । इस ट्रेन को ग्वालियर से बढ़ाकर नई दिल्ली तक किया जाए, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को नई दिल्ली तक सीधी यात्रा की सुविधा मिल सके । गतिमान एक्सप्रेस (12049/12050) निजामुद्दीन से प्रातः 8.10 बजे चलकर अपराह्न 12.35 बजे झाँसी पहुँचती है । इस ट्रेन को उरई तक विस्तारित किया जाए, जिसकी अतिरिक्त दूरी लगभग 117 किलोमीटर है । उरई से इस गाड़ी का संचालन होने पर यात्रियों को दिल्ली जाने में सुविधा मिलेगी और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी ।